'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, | अंक 152 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | रविवार, 18 अगस्त 2024 | samachargate@gmail.com



नव नियुक्त सीपी बोले: अपराध के बारे में सोचने से पहले ही छोड दे फरीदाबाद

Page 3

# विपक्ष के पास कहने को कुछ नहीं, झूठ फैला रही है कांग्रेस : मुख्यमंत्री नायब सैनी

## हम हर वर्ग के लिए बड़े फैसले ले रहे हैं, तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक कॉलेज की गेस्ट फैकल्टी को सुरक्षित किया जाएगा : मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**वंचित अनुसूचित जाति कोटे पर भी कैबिनेट में चर्चा, सभी मुद्दों पर चुनाव आयोग लेगा फैसला : मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**चुनाव आयोग की मंजूरी मिली तो तुरंत फैसले लागू कर दिए जाएंगे : मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनाव की घोषणा के बाद पहली बार पत्रकारों से बात की**

**मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में कई एजेंडों को स्वीकार किया**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ झूठ फैला रही है। अच्छा होता कि कांग्रेस नेता झूठ फैलाने की बजाए जनता को ये बताते कि अपने कार्यकाल में उन्होंने क्या-क्या काम किए हैं, लेकिन सच्चाई तो यह है कि काम उन्होंने किए ही नहीं। जनता कांग्रेस के झूठे वादों को अच्छी तरह समझ गई है, इसलिए चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। हम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमारा मानना है कि तीसरी बार हरियाणा में बहुमत से भाजपा सरकार आ रही है। हम इतने बड़े जन हितैषी फैसले ले रहे हैं, हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए हैं, 4 अक्टूबर को भाजपा की सरकार बनते ही विधानसभा में सभी फैसलों को लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहुत से फैसले तो हमने लागू भी कर दिए हैं। अब प्रदेश में आचार संहिता लग चुकी है, इसलिए अब हम कोई फैसला नहीं ले सकते, लेकिन कैबिनेट में जो मुद्दे आए हैं, उन पर निर्णय लेने के लिए चुनाव आयोग के पास भेज रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि शनिवार को कैबिनेट की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और कैबिनेट ने उन्हें स्वीकार भी किया है। अब उन पर चुनाव आयोग निर्णय लेगा। नायब सैनी ने कहा कि हमने 1 लाख 20 हजार एचकेआरएन के कर्मचारियों की नौकरी को सुरक्षित किया, ऐसे ही अब उच्चतर शिक्षा विभाग के एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग और पोलिटेक्निक कॉलेज की गेस्ट फैकल्टी को भी सुरक्षित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी द्वारा रिपोर्ट पर फैसला लेने के लिए चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। चुनाव आयोग मंजूरी देगा तो हम इसे तुरंत लागू कर देंगे। सीएम ने कहा कि हम चुनाव की तारीखों का स्वागत करते हैं। एक अक्टूबर को मतदान होगा और 4 अक्टूबर को चुनाव के नतीजे आ जाएंगे। जनता से अपील है कि मतदान के महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

**बीसी (बी) की रिपोर्ट को कैबिनेट ने स्वीकार किया, अब चुनाव आयोग लेगा फैसला**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कैबिनेट बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा में नौकरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत हैं, हम इस फैसले के बारे में चुनाव आयोग से पूछेंगे। बीसी (बी) की रिपोर्ट को कैबिनेट ने स्वीकार किया है। इस बारे में रिपोर्ट को चुनाव आयोग के पास भेजा जाएगा।

नायब सैनी ने कहा कि अन्य अनुसूचित जाति और वंचित अनुसूचित जाति के कोटे के वर्गीकरण को लेकर भी विश्लेषण किया गया। हरियाणा में 20 फीसदी कोटा अनुसूचित जाति का है, इसमें से 10 फीसदी कोटा वंचित अनुसूचित जाति को दिया जाए, लेकिन अनुसूचित जाति कोटा में कोई बदलाव नहीं होगा। जरूरत पड़ने पर दोनों तरफ से कोटा प्रयोग किया जाएगा, उद्देश्य है कि कोई पद खाली न रहे। इस मामले में आगे की कार्रवाई चुनाव के बाद की जाएगी।

**इन्हें भी मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग के अनुबंधित कर्मचारी, एनएचएम वर्ग टू फेस इंस्ट्रक्टर, आरोही मॉडल स्कूल, कंप्यूटर प्रोफेशनल टीचर, फिक्स पे वाले कर्मचारियों को भी नौकरी की सुरक्षा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए भी एक कमेटी बना दी गई है और कमेटी अपनी रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजेगी। चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद इसे तुरंत लागू कर दिया जाएगा।

**जुआ खेले, सट्टा लगाया तो 7 साल कैद**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि एक अध्यादेश भी हम लेकर आए हैं। हरियाणा में जुआ, मैच पर सट्टा लगाना, इससे अलग किसी भी तरह की सट्टेबाजी, मैच फिक्सिंग आदि के लिए कानून बनाया है तो ऐसे जुर्म में दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा और 7 लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान होगा।

**हमें विनेश पर गर्व, सम्मान में कमी नहीं रखेंगे**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विनेश फौगाट हरियाणा ही नहीं देश की बेटी है। पैरिस ओलंपिक में उनके प्रदर्शन से पूरे देश का सीना चौड़ा हुआ है। हमें विनेश पर गर्व है और हम उनके सम्मान में कोई कसर नहीं रखेंगे। कांग्रेस को सिर्फ राजनीति आती है, लेकिन भाजपा बेटी के सम्मान में कोई कमी नहीं आने देगी। मुख्यमंत्री की प्रेसवार्ता में उनके साथ मीडिया सलाहकार प्रवीण अत्रे मौजूद रहे।

# सीएम सैनी के हाथों से बनी चाय पीकर ग्रामीण बोले- नायाब है म्हारा मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री नायब सैनी हलका महम के गांव भैणी महाराजपुर में कृष्णा चाय की दुकान पर पहुंचे और खुद चाय बनाकर ग्रामीणों को पिलाई**

**मुख्यमंत्री को चाय की दुकान पर देखकर सुखद आश्चर्य से भर गए ग्रामीण**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को फिर एक अलग ही अंदाज में नजर आए। मुख्यमंत्री नायब सैनी आज रोहतक के भैणी महाराजपुर हल्का महम में कृष्णा की चाय की दुकान पर अचानक पहुंच गए।

सीएम सैनी ने दुकान पर खुद चाय बनाई और वहां पर मौजूद सभी ग्रामीणों को भी पिलाई। मुख्यमंत्री के हाथ से बनी चाय पीकर ग्रामीण खुश हो गए और कहा कि नायाब है म्हारा मुख्यमंत्री नायब सैनी।

एक बार तो सभी लोग चाय की दुकान पर मुख्यमंत्री नायब सैनी को देखकर दंग रह गए। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही सीएम सैनी ने गैस पर चाय बनानी शुरू कर दी और साथ ही लोगों का हालचाल भी जाना। मुख्यमंत्री द्वारा चाय बनाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। इसी बीच लोगों ने चाय बनाते हुए मुख्यमंत्री की वीडियो भी बनानी शुरू कर दी।

बता दें कि सरल हृदयी नायब सैनी अचानक लोगों के बीच पहुंचकर अचंभित करते रहते हैं। कई बार चाय की दुकानों व भीड़ में आम लोगों के बीच पहुंचकर लोगों से मेल मिलाप भी करते हैं और उनका हाल चाल भी जानते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की सादगी सदैव लोगों में चर्चा का विषय बनी रहती है। आज मुख्यमंत्री का चाय बनाकर ग्रामीणों को पिलाना भी चर्चा का विषय बन गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी का यह अंदाज लोगों को खूब भा रहा है। मुख्यमंत्री की यह सादगी प्रदेश के लोगों को आकर्षित कर रही है।

# हरियाणा : विधायकों के इस्तीफों की लगी झड़ी, जेजेपी को लगा चौथा झटका

**हरियाणा विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होते ही प्रदेश की राजनीति गरमा गई है. चुनाव की तैयारियों में जुटे नेताओं के दल बदलने का भी दौर शुरू हो गया है. हरियाणा की जननायक जनता पार्टी के चार विधायकों ने इस्तीफा सौंप दिया है।**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 का ऐलान हो गया है। बीते रोज शुक्रवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी तारीखों का ऐलान कर दिया है। अब चुनाव की तारीखों के आते ही विधायकों के इस्तीफों की भी झड़ी लग गई है। हरियाणा की पार्टी जेजेपी के 4 विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. जननायक जनता पार्टी के गुहला चीका से विधायक ईश्वर सिंह ने भी दिया पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

इससे पहले भी तीन विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। गुहला आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से 2019 के चुनाव में जेजेपी पार्टी से जीत दर्ज करने वाले विधायक ईश्वर सिंह ने भी पार्टी पार्टी को इस्तीफा सौंप दिया है। साथ ही पूर्व पंचायत मंत्री रहे टोहाना के विधायक देवेंदर बबली भी अपनी पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। जेजेपी को अब ये लगातार चौथा झटका लगा है।

**पार्टी के इस्तीफों को लेकर बयानबाजी शुरू**

जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का बड़ा बयान भी इस्तीफों के बाद सामने आया है। चौटाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए जेजेपी की तैयारी पूरी है। पूर्ण बहुमत से हरियाणा प्रदेश में हम सरकार बनाने जा रहे हैं। पिछले साढ़े 4 साल में जेजेपी ने सरकार में रहते हुए बेहतरीन काम किए हैं। बीजेपी ने हमें धोखा दिया है।

पूर्व मंत्री अनूप धानक के जजपा को अलविदा कहने के बयान पर भी चौटाला ने प्रतिक्रिया दी है। चौटाला ने कहा कि किसी के आने और जाने से पार्टी को कोई फर्क नहीं पड़ता। कई लोगों ने हमें धोखा दिया लेकिन कोई फर्क फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस पार्टी में नेताओं के आने-जाने का सिलसिला भी है जारी।

# पटौदी में कांग्रेस क्या हार की हैट्रिक बनाएगी या फिर !

**125 गांव और 42 दावेदार मतलब प्रत्येक तीसरे गांव से एक दावेदार**

**लोगों में जिज्ञासा पॉलिटिक्स की पिच पर क्या खिलाड़ी बदला जाएगा**

**कांग्रेस को पटौदी में 2014 में 15652 और 2019 में 18994 वोट मिले**



समाचार गेट ब्यूरो

**पटौदी।** हरियाणा में राजनीति के समीकरण और माहौल को देखते हुए स्पष्ट है की मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में ही होना है । हरियाणा में चुनाव का कार्यक्रम चुनाव आयोग के द्वारा घोषित भी किया जा चुका है । आरक्षित विधानसभा क्षेत्र पटौदी में वर्ष 2009 से लेकर 2014 और 2019 में भी कांग्रेस को यहां कामयाबी नहीं मिल सकी है । 2014 और 2019 की बात की जाए तो कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद चिंताजनक कहा जा सकता है।

लोकसभा चुनाव में आरक्षित पटौदी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और कांग्रेस के उम्मीदवार राव बब्बर को मिले यहां के वोट और जन समर्थन उम्मीद से बेहतर कहा जा रहा है। इसका मुख्य कारण है पटौदी विधानसभा क्षेत्र केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का मजबूत राजनीतिक गढ़ है । एक या दो अपवाद को छोड़कर पटौदी क्षेत्र से जितने भी विधायक बने हैं, उनके चुने जाने में परोक्ष अथवा अपरोक्ष रूप से राव इंद्रजीत सिंह का दखल ठहराया जाता है । 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पटौदी में 15652 वोट के साथ तीसरे स्थान पर रहना पड़ा। इसके बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को चौथे स्थान पर रहते हुए 18994 वोट प्राप्त हुए । आजाद उम्मीदवार नरेंद्र पहाड़ी 24 000 तथा जननायक जनता पार्टी 19000 से अधिक वोट लेने में सफल रही।

पिछले दो विधानसभा चुनाव में तीसरे और चौथे स्थान पर कांग्रेस पार्टी के रहने को देखते हुए लोगों के बीच जिज्ञासा बनती जा रही है, क्या कांग्रेस पार्टी पटौदी में हार की हैट्रिक बनाएगी ? या फिर यहां विधानसभा चुनाव की पिच पर किसी नए खिलाड़ी को हार की हैट्रिक रोकने का जिम्मेदारी सौंप जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के पक्ष में लहर और माहौल को देखते हुए पटौदी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट के लिए 42 टिकट के दावेदारों के द्वारा आवेदन किया गया है । पटौदी क्षेत्र में 125 गांव है , कांग्रेस टिकट के 42 दावेदार देखते हुए कहा जा सकता है कि प्रत्येक तीसरे गांव से कांग्रेस टिकट का एक दावेदार अपनी दावेदारी चुनाव के लिए प्रस्तुत कर रहा है। दावेदारी किया जाना और चुनाव के मैदान में गंभीरता के साथ चुनावी पारी को खेलना दोनों ही अलग और चुनौती पूर्ण होते हैं। आम लोगों के बीच अब यही जिज्ञासा है कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा कब तक और किसको टिकट देकर अपना उम्मीदवार बनाया जाएगा।

## एम्बियन्स मॉल गुरुग्राम में बम की ई-मेल प्राप्त, कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** आज दिनांक 17.08.2024 को किसी अज्ञात द्वारा गुरुग्राम के एम्बियन्स मॉल सहित दिल्ली के विभिन्न मॉल्स व इमारतों में बम रखने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। गुरुग्राम के एम्बियन्स मॉल में बम रखने की ई-मेल प्राप्त होने की सूचना पर गुरुग्राम पुलिस द्वारा जान मॉल की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए एम्बियन्स मॉल से लोगों को बाहर कर दिया गया है और पुलिस की डॉग स्क्वार्ड व बम डिस्पोजल की विभिन्न टीमों द्वारा मॉल की चेकिंग की । एम्बियन्स मॉल में विस्फोट करने के लिए बम्ब रखने की धमकी भरी ई-मेल के सम्बन्ध में गुरुग्राम पुलिस द्वारा पुलिस थाना साईबर अपराध पूर्व, गुरुग्राम में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया है।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा मॉल के निरीक्षण/जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नही मिली। सुरक्षा के सभी पहलुओं की जांच उपरान्त मॉल को पुन: सामान्य रूप से संचालित कराया जा चुका है। गुरुग्राम पुलिस ई-मेल करने वाले व्यक्ति के सोर्सेज का पता लगाने में जुटी है। पुलिस जांच में जो भी तथ्य समक्ष आएंगे नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी। पोलिस टीमों को अभी तक कहीं से भी कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई हैं। गुरुग्राम पुलिस आम जन से अपील करती है की सुरक्षा को लेकर बिल्कुल भी पेनिक/चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। गुरुग्राम पुलिस प्राप्त हुई emails के स्त्रोत की तलाश कर रही है। अभी तक की जांच से यह प्राप्त हुई emails hoax/सिर्फ भयभीत करने के लिए मालूम हुई है। गुरुग्राम पुलिस आपको विश्वास दिलाती है कि गुरुग्राम पुलिस किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने व काबू पाने में सक्षम है और अपने सभी सुरक्षा संसाधनों सहित आपकी सेवा व सुरक्षा में सदैव (24X7) तत्पर/तैनात है।

# जेजेपी विधायकों के पार्टी छोड़ने पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज का तंज, कहा यह तो पहले से ही टूटे हुए थे, सदन में भी साथ खड़े नहीं होते थे

समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद जेजेपी विधायकों के पार्टी छोड़ने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह तो पहले ही टूटे हुए थे और यह कभी भी साथ नहीं थे। यह विधानसभा के सदन में भी साथ खड़े नहीं होते थे। यह तकनीकी तौर पर घोषणा नहीं कर सकते थे, अब क्योंकि चुनाव घोषित हो चुके हैं और ज्यादा महत्व नहीं रहा इसलिए यह पार्टी छोड़ना की घोषणा कर रहे हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

कांग्रेस ने रणदीप सुरजेवाला के चुनाव में भाजपा की विदाई के बयान पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि सुरजेवाला किस पार्टी की ओर से यह कह रहे हैं और कौन सी पार्टी। एक तरफ तो वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ बोल रहे हैं, एक तरफ कांग्रेस नाम की पार्टी प्रदेश में है नहीं। जिस पार्टी के बीते कई वर्षों से चुनाव ही नहीं हुए तो उस पार्टी को पार्टी कैसे कहा जा सकता है। कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि यह तो कुनबे और गैंगस है जो हरियाणा को लूटने व ठगने के लिए चुनाव के समय इकट्ठे हो जाते हैं। जिस पार्टी के अंदर 16 साल से चुनाव न हुए हो बल्कि चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेते हुए इस पार्टी की मान्यता रद्द करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी में प्रजातंत्र नहीं है वह कैसे देश के प्रजातंत्र की रक्षा कर सकती है।

**कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि यह कुनबे और गैंग्स है, प्रदेश को लूटने व ठगने के लिए चुनाव के समय यह इकट्ठे हो जाते हैं - पूर्व मंत्री अनिल विज**

**विनेश फौगाट हरियाणा की बेटी है और सारे हरियाणा को मिलकर लड़ाई लड़नी चाहिए- अनिल विज**



**विनेश की लड़ाई हरियाणा को मिलकर लड़नी चाहिए - अनिल विज**

रणदीप सुरजेवाला के बयान कि विनेश फौगाट के साथ जो अन्याय हुआ उसके खिलाफ वह लड़ते रहेंगे के बयान पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह अच्छी बात है, विनेश हरियाणा की बेटी है और सारे हरियाणा को मिलकर लड़ाई लड़नी चाहिए।

# मुंडकटी थाना पुलिस ने हत्या वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी पर मात्र 24 घंटे के अंदर ही कसा शिकंजा

## आरोपी को लिया एक दिन के पुलिस रिमांड पर



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन आईपीएस के कुशल कुशल निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में मुंडकटी थाना प्रभारी निरीक्षक सुंदर पाल की टीम ने गांव गुदराना निवासी पवन हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को मात्र 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। मुंडकटी थाना प्रभारी निरीक्षक सुंदर पाल के अनुसार मामले में गत दिनांक 15 अगस्त को गांव गुदराना निवासी केवेंद्र ने दी शिकायत में कहा कि उसका भाई भारत और पवन का बृहस्पतिवार की रात को आपस में कोई झगड़ा हो गया था। झगड़े में पवन को चोटें आई, जिससे वह गंभीर तौर से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में आपस में मशविरा करने के बाद मृतक के शव को दफना दिया गया। शिकायत पर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

प्रभारी थाना ने आगे बतलाया कि मामले की गंभीरता के मध्य नजर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए शव को जमीन में से निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया तथा शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी थाना ने बताया कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी भारत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जिसने पूछताछ मे मृतक छोटे भाई के साथ हुई कहा सुनी को लेकर इस वारदात को अंजाम देना बतलाया। जिसे आज पेश अदालत कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है । पुलिस मामले की प्रत्येक एंगल से बारीकी से जांच कर रही है।

# होडल थाना पुलिस ने जानलेवा हमला वारदात में 4 साल से अधिक की अवधि से फरार चल रहे आरोपी पर कसा शिकंजा

**मामले में पहले ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है जेल की सलाखों के पीछे**



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन आईपीएस के कुशल कुशल निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। इसी कड़ी में होडल थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार की टीम ने जानलेवा हमला वारदात में 4 साल से अधिक की अवधि से फरार चल रहे आठवे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। होडल थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार के अनुसार मामले मे मुकेश कुमार निवासी तिहाब पट्टी होडल ने दिनांक 5 जनवरी 2020 को अपनी दी शिकायत में बताया कि उसे फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अमित जो उसका चचेरा भाई है को भैरो वाली चौपाल के अन्दर गोली मार दी है। इलाज के लिए ले जाते समय अमित ने उसे पर हमला करने वाले आरोपियों के नाम बतलाए। इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने पहले ही सात आरोपियों तनुज उर्फ भोला,योगेस उर्फ योगी, पवन,ईशु उर्फ इंदर, जीतू उर्फ जीतेन्द्र, कल्लू उर्फ भरत एवं संदीप उर्फ सपेरा को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार कर उनसे वारदात में प्रयुक्त देसी कट्टे एवं डंडे बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया था। प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले में जांच कर रहे सहायक उप निरीक्षक शेर सिंह की टीम ने आज दिनांक 17 अगस्त को वारदात में तभी से फरार चल रहे आठवें आरोपी बलबीर निवासी सौंध को पुन्हाना मोड से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# होडल विधानसभा चुनाव में हो सकता है त्रिकोणीय मुकाबला

## अबकी बार होडल विधानसभा चुनाव होने वाला है रोचक



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

**होडल।** जैसे ही विधान सभा चुनाव की तारीख चुनाव आयोग ने हरियाणा विधान सभा चुनाव की तारीख घोषित की संभावित प्रत्याशी जन संपर्क अभियान मै जुट गए है आपको बता दे कि होडल विधान सभा का चुनाव इस बार रोचक होने वाला है जी हा वो इस लिए की इस बार होडल विधान सभा का चुनाव त्रिकोणीय होने की पूरी पूरी संभावना बन गई है पहले चुनावो को देखे तो केवल 2 ही नेताओं के बीच चुनाव की जंग होती थी उदयभान और जगदीश नायर लेकिन अब एक और तीसरा विकल्प होडल की जनता के बीच से होते हुए चुनावी मैदान में मजबूती से उभर कर होडल विधान सभा लड़ने की ताल ठोक दी है हम बात कर रहे है समाज सेवी डॉ नवीन रोहिल्ला की नवीन रोहिल्ला ने होडल विधान सभा में लोगो के बीच अच्छी पहचान बनाई है लोगो के हर दुख सुख में साथ रहते हुए अपनी पहचान बनाई हैं और रोहिल्ला ने इस बार होडल विधान सभा से अगर किसी पार्टी की टिकट मिलती है तो ठीक अन्यथा आजाद उम्मीदवार खड़े होकर चुनाव लड़ने का मन बना लिया है अबकी बार होडल विधान सभा का चुनाव तिकोनिया चुनाव माना जा रहा है नवीन रोहिल्ला इस चुनाव का रुख किसी भी ओर मोड़ने मै समर्थ है हालांकि उदयभान और जगदीश नायर भी अच्छे मजबूत है लेकिन इस बार होडल विधान सभा की जनता होडल विधान सभा का ताज किसको पहनती है ये तो चुनाव नतीजे के बाद ही सामने आएगा चुनाव तारीख डिक्लेयर होते ही नवीन रोहिल्ला ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

# आज गांव आलदूका में 36 बिरादरी द्वारा होगा भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन का भव्य सम्मान-समारोह




**गॉंव की समस्त सरदारी चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में पलकें बिछाए कर रही है इंतजार**

**सम्मान समारोह में ईडरी ब्लॉक के आधे दर्जन सरपंच, पूर्व सरपंच व प्रमुख लोग समर्थन देंगे**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूँह विधानसभा के गॉंव आलदूका में गॉंव की 36 बिरादरी द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में भव्य व शानदार सम्मान-समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें ईडरी ब्लॉक के आधे दर्जन मौजूदा सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर व प्रमुख लोग समर्थन देंगे। सम्मान-समारोह में गॉंव आलदुका के साथ साथ आस पास के हजारों प्रमुख लोग शामिल होंगे। गॉंव आलदूका निवासी सुंदर चेयरमैन ने प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन का ग्राम की सरदारी द्वारा जोरदार सम्मान किया जाएगा, जिसमें गॉंव व आस पास की 36 बिरादरी शामिल होगी। 18 अगस्त को गॉंव आलदुका के 36 बिरादरी के लोग पलकें बिछाकर अपने महबूब नेता का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनने जा रही है। लोगों में भाजपा के प्रति भारी जोश व उत्साह है। चौधरी ज़ाकिर हुसैन उनके नेता हैं। हर सुख दुख में काम आते हैं। क्षेत्र का छोटा बड़े सभी तरह के लोगों के वो काम आते हैं।

# गांव हसनपुर व आस-पास के गाँवों से बरसात के पानी की निकासी का इंतजाम होगा जल्द : चौ. जाकिर हुसैन



**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के संज्ञान में आते ही अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे**

**भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन हसनपुर व आस पास के गांवों की समस्या को लेकर हैं गंभीर, मुख्यमंत्री से भी की फोन पर बातचीत**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह विधानसभा के गांव हसनपुर व आस पास के गांवों में बरसात का पानी भरा हुआ है। जैसे ही ये मामला भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के संज्ञान में आया तो उन्होंने फोरन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को इस मामले की गंभीरता बताते हुए विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने फोरन इस मामले पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को समस्या का निवारण करने के लिए भेजा। मौके का मुआवना करने के लिए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता हितेश धारीवाल (मैकेनिकल) और एस डी ओ जगदीश ने अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर इस समस्या को देखा एक मोटर पानी की निकासी के लिए शुरू भी कर दी गई है और जल्द ही और कई मोटरों द्वारा पानी की निकासी का स्थाई समाधान कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार व भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन के निर्देश पर गांव हसनपुर व आस पास के गांवों की पानी की निकासी के लिए सिंचाई विभाग की पूरी टीम लग गई है तथा बहुत जल्द इस समस्या को हल कर दिया जाएगा। हसनपुर निवासी योगेश शर्मा ने बताया कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक को कल फोन पर गांव व आस पास के गांवों की इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया था, जिस पर कार्यवाही करते हुए आज सिंचाई विभाग की पूरी टीम मौके का मुआयना करने पहुंची और एक बड़ी मोटर पानी की निकासी के लिए लगा दी गई है तथा बहुत जल्द और कई मोटरों द्वारा इस पानी की निकासी का इंतजाम कर दिया जाएगा।

हमें विश्वास हैं की चौधरी ज़ाकिर हुसैन के प्रयासों से ये समस्या जल्द ही दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा की पहले इस क्षेत्र की समस्याओं को भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने हाल करवाया है। ज़ाकिर हुसैन जैसे नेताओं की ज़रूरत है। जो लोगों को आश्वासन नहीं बल्कि काम करने में विश्वास करते हैं।

# हरियाणा में फिर तीसरी बार भाजपा सरकार : चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** हरियाणा के नूंह से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चौधरी जाहिद हुसैन विधानसभा चुनाव के मध्य नजर रखते हुए रोहतक जिला की विधानसभा महम में राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के साथ समीक्षा बैठक लेने के लिए विधानसभा सह प्रमुख के तौर पर समीक्षा बैठक में शामिल हुए। ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए का विधानसभा में जिस तरह मीटिंग में कार्यकर्ताओं में जोश नजर आ रहा है उससे लगता है महम विधानसभा भारी वोटो से जीत हासिल करेंगे और हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे उन्होंने यह भी कहा देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो कार्य किए हैं वह अपने आप में एक सराहनीय कार्य हैं इस मौके पर चौधरी जाहिद हुसैन सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी से प्रमुख विधानसभा में है ने कहा विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है अब आप लोग मजबूत कार्यकर्ता होने के साथ-साथ आपकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है की अपने बूथ को और मजबूत करें और बूथ को जीते लिया तो विधानसभा भी भारी बहुमत से जीतेंगे कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ विधानसभा जीतने का संकल्प लिया। वही जाहिद हुसैन ने कहा कि महम विधानसभा के जिला अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संजोयक, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकर्ताओ ने जो इतना प्यार दिया उसके लिए में तेहदिल से धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर रणवीर ढाका जि़ला अध्यक्ष, मनमोहन गोयल मेयर रोहतक महम विधानसभा प्रभारी राधा अहलावत भाजपा नेत्री,संजीत ग्रेवाल बीएलए तक़दीर अहलावत विधानसभा संयोजक (प्रदेश सचिव किसान मोर्चा) रोहतास महम मण्डल अध्यक्ष, हरिंदर बहू अकबरपुर मण्डल अध्यक्ष, नवीन लखनमाजरा मण्डल अध्यक्ष,नवनीत राठी ब्लॉक स्मिति चेयरमैन ,भारती पवार नगर पालिका चेयरमैन,बसंतलाल गिरधर वाईस चेयरमैन नगर पालिका,नरेंद्र वत्स (प्रदेश कार्यकारिणी),दिनेश शास्त्री प्रदेश सचिव झ्र मोर्चा, मीना बालमिकी जि़ला सचिव,फ़तह सिंह जि़ला उपाध्यक्ष झ्र मोर्चा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ता भाजपा हरियाणा मौजूद रहे।

# नगर निगम की लापरवाही से गिरी बड़खल के सरकारी स्कूल की दीवार

**पांच कमरों के स्कूल में पढ़ते हैं ढ़ाई हजार बच्चें**

**बरसात के पानी में डूब जाता है बड़खल गांव का सरकारी स्कूल**

**17 में से 12 कमरे है जर्जर घोषित, सरकार चाह रही स्कूल को मॉडल बनाना**



(सरकारी स्कूल की गिरी हुई दीवार का दृश्य: फोटो-ओमप्रकाश पंचाल )

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बड़खल गांव के सरकारी स्कूल के निकट लोगों के द्वारा लाख बार रोकने के बाद भी नगर निगम ने स्कूल की दीवार के निकट ही डॉपिंग यार्ड बना दिया था। उक्त स्थान पर पहले तलाब हुआ करता था, लेकिन अब वहां डॉपिंग यार्ड बनाकर कचरा घर बना दिया, जिस कारण विद्यार्थियों को पहले ही पढ़ाई करने में परेशानियां हो रही थी। अब करीब एक हफ्ता पहले उक्त डॉपिंग यार्ड के वजन के कारण स्कूल की दीवार गिर गई। हालांकि रविवार होने के कारण यहां किसी तरह की कोई बड़ी घटना घटित नहीं हुई, वर्ना यदि स्कूल के समय में दीवार गिरती, तो शायद कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी। हालांकि स्कूल के इस मामले को एक हफ्ते से दबाया गया और पत्र लिखवा कर इस मामले को दबा दिया गया। लेकिन बड़खल के निवासियों ने इस मुद्दे को 11 अगस्त के बाद एक बार फिर उठा दिया, मामला दबा नहीं रह सका। इस बारे में एक एडवोकेट ने फोटो वायरल करते हुए कहा कि स्कूल की दीवार गिरी हुई है, इसे एक हफ्ते बाद भी ठीक नहीं करवाया गया है। इस ओर न तो जिला शिक्षा अधिकारी ने ध्यान दिया और न ही शिक्षा मंत्री ने जबकि शिक्षा मंत्री इसी इलाके से विधायक से शिक्षा मंत्रालय में पहुंची थी।

**भर जाता है पानी:**

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में यह स्कूल झील में तब्दील नजर आता है। जिस कारण स्कूल में कक्षाओं तक बच्चों को पहुंचने में भी पानी से होकर जाना पड़ता है। कई बार तो अध्यापकों ने स्कूली बच्चों की बरामदें में बैठाकर कक्षाएं ली है। वहीं स्कूल में पानी भरने से स्टाफ भी कक्षाओं और दफ्तर के बाहर घूमते नजर आते है। स्कूल सड़क से करीब चार फीट नीचा है। स्कूल के गेट से अंदर पहुंचने पर अंदर तलाब का दृश्य नजर आता है। जबकि इस स्कूल को मॉडल स्कूल का दर्जा दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन यहां न तो लैब है और न ही कोई अन्य सुविधा।

**यह है हाल:**

ग्रामीणों ने बताया कि बडखल गांव सीनियर सैकेंड्री स्कूल के बाहर की सड़क पर जगह जगह किचड़ और गड्डे है। गेट ऊंचा होने के कारण बाहर से तो स्कूल ठीक नजर आता है। लेकिन जब स्कूल के अंदर देखा, जाए तो यह बरसाती पानी का तलाब नजर आता है। वहीं स्कूल के कमरे इतने जर्जर हालत में है कि कक्षाओं में बरसात के दिनों में पानी टपकता है। जिससे कमरों में बैठाकर बच्चों को अध्यापक पढ़ा नहीं पाते। स्कूल परिसर में पानी इस तरह भर जाता है कि स्कूल में मौजूद क्लास रूमों तक बच्चे पहुंच नहीं पाते। जिस कारण बरामदें में बैठकर अध्यापक कक्षाएं लेते हैं।

**यह है स्थिति:**

ग्रामीणों ने बताया कि करीब यहां ढ़ाई हजार की संख्या में पढ़ाई करने वाले बच्चों को 63 अध्यापक स्कूल के मात्र पांच कमरों में पढ़ा रहे हैं। स्कूल में 17 कमरे हैं। लेकिन इनमें 12 कमरों को कंडम घोषित किया हुआ है। जिस कारण स्कूल के केवल पांच कमरों में ही कक्षाएं चलती हैं। जिसमें दो शिफ्टों में यहां कक्षाएं लगाई जाती हैं। पहली शिफ्ट में सुबह सात से दोपहर साढ़े 12 बजे तक कक्षाएं लगती है। जिसमें छठी से 12वीं तक के बच्चे पढ़ते हैं। इन बच्चों को 28 शिक्षक पढ़ाते हैं। दूसरी पारी में दोपहर एक से शाम पांच बजे तक पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को 35 अध्यापक पढ़ाते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया पाकिस्तानी से आए शरणार्थियों के साथ मनाया आजादी का महोत्सव



समाचार गेट/ओमप्रकाश पंचाल

**फरीदाबाद।** एनआईटी की फ्रॉंटियर कॉलोनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने पाकिस्तान से शरणार्थी परिवारों के साथ के साथ आजादी का उत्सव धूमधाम से मनाया। पाकिस्तानी से आएं इन परिवारों के दिलों में हिंदुस्तान बसता है। आज माँ भारती को पुष्प अर्पित कर उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष किया। आरएसएस के सी ए ए कार्यान्वयन के प्रांत संयोजक, अरुण वालिया जी ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी तथा सभी को आश्वस्त किया कि उन्हें जल्द से जल्द भारतीय नागरिकता मिल जाएगी। उन्होंने सभी शरणार्थी परिवारों को नमन करते हुए कहा कि वे गुरु गोविंद सिंह जी के सच्चे सिपाही है आपने अपना घर बार खेत खलिहान सब कुछ छोड़ दिया पर अपना धर्म नहीं छोड़ा। आज बहुत ही अभाव भरा , नरकीय जीवन जीने को मजबूर है परंतु अपने धर्म पर पक्के हैं। ऐसे योद्धाओं को हम नमन करते हैं।

राष्ट्रीय जन सेवक संघ स्वयंसेवक संघ से वीरेन्द्र गौड ने भी सभी को शुभकामनाएं दी, सुचित कौशिक जी ने उसने उद्यमशील बनने का आह्वान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सभी ने भारत माता पूजन किया,देश भक्ति के गीत गए तथा राष्ट्गान हुआ। शरणार्थियों को मिठाइयां ,कपड़े तथा अन्य उपहार वितरित किए गए साथ ही प्रार्थना की गई कि परमात्मा करे इन्हें जल्द भारतीय नागरिकता मिले और ये परिवार अच्छी और खुशहाल जिंदगी जी सकें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अरुण वालिया इन परिवारों की देखभाल पिछले दस वर्षों से कर रहे हैं।

# नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में बनेगी तीसरी बार भाजपा सरकार : दीपक मंगला

**10 सालों में भाजपा सरकार ने प्रदेश ने विकास के नए कीर्तिमान सेट किये : दीपक मंगला**




समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दीपक मंगला ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा प्रदेश ने विकास के नए कीर्तिमान सेट किये हैं। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रदेश के पिछड़े, किसान, युवा, मजदूर और महिला सशक्त करने का काम किया है। प्रदेश की जनता का झुकाव भाजपा की तरफ है और प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। तिगांव विधानसभा को बड़े बहुमत से जीतेंगे और गारंटी के साथ प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर तिगांव विधानसभा के सेहतपुर, सराय, खेडी और तिगांव मंडलों की मंडल स्तर की बैठकें हुईं। इन बैठकों में विधायक दीपक मंगला, राजेश नागर, हरियाणा सरकार में चेयरमैन वेद फुला, भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रेक्सवाल, जिला उपाध्यक्ष अनिल नागर, भारती भाकुनी, विस्तारक पूर्ण सिंह मेहता, बीएलए -1 विनोद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विवेक मिश्रा, राकेश शर्मा, गिरिराज त्यागी व मंडल एवं बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यकताओं से सीधा संवाद करते हुए दीपक मंगला ने कहा कि अब चुनाव का बिगुल बज चुका है। हमारी पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है, अब कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि हर बूथ पर हमें जीत हासिल करनी है। नायब सरकार की योजनाओं और घोषणाओं के बारे में जन-जन को बताना है। श्री मंगला ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 वर्षों में ऐतिहासिक काम किए हैं, जनहित में बड़े-बड़े निर्णय लिए हैं जिनका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव में हमारे भाजपा के कहने के लिए बहुत कुछ है, जबकि कांग्रेस के पास ऐसा काई मुद्दा नहीं है जिसके दम पर वह जनता के बीच जा सके।

गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में झूठ का सहारा फिर से लेगी। हमें कांग्रेस की झूठ की पोल खोलनी है और अपनी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना है।

हरियाणा सरकार में चेयरमैन वेद फुला ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता चुनाव जीतने में सक्षम है। बूथ के कार्यकताओं की सक्रियता से ही पार्टी संगठन को मजबूती मिलती है। कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे तो तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता।

# बंगाल में हुई घटना अत्यंत दुखद और मानवता को शर्मसार करने वाली : अभाविप



(जेसी बोस के बाहर प्रदर्शन करते छात्र नेता: ओमप्रकाश पंचाल)

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन छात्रों ने विभाग संयोजक दीपक भारद्वाज, व जिला संयोजक रमन के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर विभाग संयोजक दीपक भारद्वाज ने कहा पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और जघन्य हत्या के विरोध-प्रदर्शन कर बंगाल की ममता सरकार का पुतला दहन जेसी बोस विश्वविद्यालय के गेट पर किया और दोषियों को कठोरतम दंड देने की मांग की। इस दौरान प्रांत संयोजक सोशल मीडिया रवि पांडेय ने बताया की ज्ञात हो की बंगाल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार एवं बलात्कार के बाद उस महिला डॉक्टर की हत्या कर दी जाती है इस भीषण कुकृत्य के विरोध में, विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया जा रहा है। जिला संयोजक रमन ने बताया कि इस तरह की जो घटनाएं होती है। इसको अभिलंब रोक लगाने की जरूरत है और ऐसे कुकृत्य करने वाले को सजा मिले प्रशासन को भी इसके प्रति सख्त होने की जरूरत है। वहीं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य युधिष्ठिर ने कहा कि सरकार को दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा देनी चाहिए। गायत्री ने कहा कि सभी आरोपियों को पकड़ कर जल्द से जल्द न्याय दिलाना चाहिए ताकि आगे से ऐसी घटना नहीं हो ताकि समाज को शर्मिन्दा न होना पड़े।

## सभी 6 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेंगे : वोहरा

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बैठकों में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कुछ दिन बचे हैं और मंडल और बूथ के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जनता से संवाद करें और केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पंहुचाएं । श्री वोहरा ने कहा कि फरीदाबाद में भाजपा का संगठन बहुत मजबूत हैं । भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी की ताकत है, और कार्यकताओं के समर्पण और मेहनत से ही हम आगामी चुनाव में फरीदाबाद की सभी 6 सीटों पर चुनाव जीत कर नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में फिर से प्रदेश में सरकार बनायेंगे।

# नव नियुक्त सीपी बोले: अपराध के बारे में सोचने से पहले ही छोड दे फरीदाबाद



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पुलिस अधिकारी ओमप्रकाश नरवाल, भापुसे ने शनिवार को फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त का पदभार संभाल लिया। कार्यालय में पहुंचने पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा उनको गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया तथा पुलिस पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय अभिषेक जोरवाल ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार व पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक ऊषा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

विदित है कि हरियाणा सरकार द्वारा 16 अगस्त को पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियो के तबादला आदेश की सूची जारी की गई, जिसमें ओमप्रकाश नरवाल, भा0पु0से0 को फरीदाबाद का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पुलिस आयुक्त स्वच्छ छवि के पुलिस अधिकारी है और उनको आमजन के कार्यो के लिए समर्पित पुलिस अधिकारी के तौर पर जाना जाता हैं। उनकी प्राथमिकता कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने तथा आमजन की पुलिस से सम्बंधित समस्यों का अविलम्ब निवारण करने की रही है। जोखिम व चुनौतिपूर्ण कार्यों में उन्होंने हमेशा सफलता पाई है।

नव नियुक्त पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल, भा0पु0से0 ने अपने कार्यकाल के दौरान अनेकों सराहनीय कार्य किए है। वे इससे पहले फरीदाबाद में संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। उनके द्वारा हरियाणा पुलिस में बतौर कप्तान जिला फतेहबाद व जींद की कमान संभाली हुई है। इसके अतिरिक्त वे डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर, डीआईजी एडमिनिस्ट्रेशन जैसे महत्वपूर्ण पदो पर भी नियुक्त रहे है। ओमप्रकाश नरवाल भापुसे का जन्म वर्ष 1968 में हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव कथूरा में हुआ था। बेहतरीन सर्विस के लिए वर्ष 2017 में उनको पुलिस मेडल से भी नवाजा गया है।

**देंगे अपराधियों को देंगे नसीहत:**

नव नियुक्त पुलिस आयुक्त की प्राथमिकता रहेगी कि फरीदाबाद की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा, महिला की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देकर आपराध पर अंकुश लगाया जाएगा, वरिष्ठ नागरिको की शिकायतो का तुरंत निवारण किया जाएगा, अपराधियों व अपराधिक प्रवृति के लोगो पर विशेष नजर रहेगी, नशा मुक्त फरीदाबाद बनाने के लिए नशा तस्करों पर प्रहार करके सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा नशा करने वाले लोगो को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार द्वारा चलाएं जा रहे अभियनों को प्राथमिकता दी जाएगा। साथ ही पुलिस आयुक्त, ओम प्रकाश नरवाल भा0पु0से0 का अपराधियो के लिए संदेश है कि वे अपराध के बारे में सोचने से पहले ही फरीदाबाद को छोड़ दे।

## सीपी को बांधी राखी



रक्षा बंधन के पावन अवसर पर सेंट कोलम्बस दयालबाग की छात्राएं पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल को रक्षाबंधन की बधाई देने उनके कार्यालय पहुँची व अपने नन्हें हाथों से बनाई हुई राखी बांधी। जिसपर पुलिस आयुक्त द्वारा छात्राओं का अभिवादन किया। इस अवसर पर संबोंधित स्कूल के अध्यापक भी मौजूद थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेंट कोलम्बस दयालबाग से छात्राएं आज राखी बांधने के लिए पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-21 सी फरीदाबाद पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। पुलिस आयुक्त ने छात्राओं के द्वारा बनाई गई इको फ्रेन्डली राखियों की प्रशंसा की और उनके इस प्रयास की सराहना करते हुए रक्षा बंधन की बधाई दी।

## सीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



नव नियुक्त पुलिस आयुक्त ओम प्रकाश नरवाल द्वारा पदभार संभालते ही अपने कार्यालय में सभी पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त के स्तर के अधिकारियों के साथ मीटिंग लेकर माहमहिम राष्ट्रपति के फरीदाबाद आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था बारे जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही जिला फरीदाबाद के सामान्य अपराधों के संबंध में भी चर्चा की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 21 अगस्त को माहमहिम राष्ट्रपति का जिला फरीदाबाद के जेसी बोस कॉलेज के दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आगमन प्रस्तावित है जिस संबंध में सुरक्षा व्यवस्था बारे नव नियुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा अपने कार्यालय में संबोधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जिला फरीदाबाद के सामान्य अपराध के संबंध में उपस्थित पुलिस अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करके अपराधों पर अंकुश लगाने की हिदायत दी गई। मीटिंग के दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह, पुलिस उपायुक्त बल्लबगढ़ अनिल कुमार, पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक ऊषा व सभी सहायक पुलिस आयुक्त उपस्थित थे।

# आदर्श चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उडा रहे छुटभैया नेताओं के होर्डिंग व बैनर





समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा करने के बाद प्रदेश में भले ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है लेकिन गावों तथा सडक किनारे खडे बिजली के खम्बों एवं पेडों पर उलटे-सीधे लटके विभिन्न पार्टियों के छुटभैया तथा बड़भैया नेताओं के होर्डिंग व बैनर आचार संहिता की धज्जियां उडा रहे हैं। अटेली विधान सभा के कनीना-महेंद्रगढ,कनीना-कोसली, रेवाडी,नारनौल, दादरी, अटेली सहित गावों के लिंक मार्गों पर हरे पेडों में कील ठोककर राजनेताओं ने बोर्ड लगाए हुए हैं। जिससे पेडों को नुकसान हो रहा है। इसी प्रकार बिजली के खबों तथा गावों में दीवारों पर चुनाव प्रचार सामग्री लगाई गई है।

## कनीना-महेंद्रगढ मुख्य मार्ग सहित गावों के लिंक मार्ग पर बिजली के खम्बों व पेडों पर जगह-जगह लटके हैं बोर्ड

प्रबुध व्यक्तियों एडवोकेट मनोज शर्मा, रवि कुमार, कंवरसैन वशिष्ठ, सत्यवीर सिंह का मानना है कि चुनाव आयोग द्वारा ऐसे निर्देश दिए जाने चाहिएं कि आचार सँहिता का उलघंन कर रहे ऐसे होर्डिंग सम्बंधित नेताओं द्वारा तत्परता से उतरवाये जाएं। ऐसा नहीं करने वाले राजनेताओं के विरूध अनुशास्नात्मक कार्रवाई की जाए। अधिकारियों व कर्मचारियों को भी चुनाव आचार सँहिता का सख्ती से पालन करवाने को कहा जाए। उन्होंने कहा कि जगह-जगह होर्डिंग लगे होने से अटेली,कनीना सहित शहर एवं गावों की बदसूरत हो चली है। कनीना नगरपालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की ओर से होर्डिंग,बैनर व पोस्टर हटाने का अभियान चलाया गया है। दीवारों पर लिखे गए राजनीतिक प्रचार पर कालिख पोती जा रही है तथा बोर्ड आदि को फाडकर कूडा निपटान वाहन में डाला जा रहा है। ईधर तीन साल से कनीना में कार्यरत एसडीएम सुरिंद्र सिंह का रेवाडी तबादला कर दिया गया है। कनीना में लोहारू में कार्यरत एसडीएम अमित कुमार को लगाया गया है। जिनके सोमवा को ज्वाईन किए जाने की संभावना है। नगरपालिका सचिव समयपाल सिंह ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार सँहिता का सख्ती से पालन किया जाएग। कनीना में जगह-जगह लगे राजनेताओं के होर्डिंग बोर्ड उतारे जाने का कार्य किया जा रहा है। बीडीपीओ नवदीप सिंह ने कहा कि गावों में लगे होर्डिंग-बैनर को शीघ्रता से हटवाने के लिए ग्राम सचिव व पंचायतों को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही राजनेताओं के होर्डिंग व बैनर हटा दिए जाएगें।

## बागोत जोहड में मिला शव, पलिस ने की पहचान की अपील

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत के जोहड में एक व्यक्ति की लाश मिली है। जिसे कनीना सदर थाना पुलिस ने अपने कब्जे में सिनाख्त की अपील की है। लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को 72 घंटे के लिए उप नागरिक अस्पताल कनीना में रखवाया है। सूचना मिलने पर पीडित परिजन कनीना सदर थाना प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं। नियत अवधि में शव की पहचान न होने पर नगरपालिका की ओर से ससम्मान उसका अँतिम संस्कार किया जायेगा।

स्कूल बस सडक हादसा

# न्याय महापंचायत ने शनिवार को कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे पर बैठकर जताया आक्रोश





समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग पर उन्हाणी के समीप बीती 11 अप्रैल को घटित जीएल स्कूल बस सडक हादसे में मारे गए 6 विद्यार्थियों सत्यम शर्मा 16 वर्ष निवासी झाडली,युवराज 13 वर्ष,वासी झाडली,यक्षु 13 वर्ष झाडली, अंशु 15 वर्ष वासी झाडली, वंश उर्फ गोलू 13 वर्ष,वासी धनौंदा, रिंकी उर्फ चीकू 12 वर्ष वासी धनौंदा के पीडित परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गठित की गई न्याय महापंचायत की ओर से शनिवार को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय कनीना के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया। उसके बाद उन्होंने एकमत होकर साढे 10 बजे कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे पर बैठकर सरकार से शहीद बच्चों के न्याय की मांग की। सैंकडों लोगों के बीच सडक पर बैठने से रोड जाम हो गया। सडक के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। जिसकी सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार व सिटी थाना इंचार्ज रतन सिंह मौके पर पंहुचे। रतन सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे न्याय की मांग को लेकर अडे रहे। नतीजनत थाना इंचार्ज को उलटा खिसकना पडा। जाम के चलते पुलिस ने रूट डायवर्ट करवाए जिससे छोटे वाहन लिंक मार्गो से गुजरने लगे। सडक के बीच धरने पर बैठे ग्रामीणों ने प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूध जमकर नारेबाजी की। इस बारे में उन्होंने बीती 10 अगस्त को कनीना मंडी स्थित धर्मशाला में रणनीति तैयार कर 17 अगस्त को विरोध प्रदर्शन करने की तिथि निर्धारित की थी। जिला उपायुक्त के आदेश पर मौके पर पंहचे ड्यूटी मैजिस्ट्रेट दलबीर सिंह दुग्गल ने धरनारत ग्रामीणों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना और जिला प्रशासन के माध्यम से उनकी मागें मंजूर करवाने का आश्वासन दिया। जिसे ग्रामीणों ने अनसुना कर दिया।

## रोड जाम, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, पुलिस अधिकारियों ने रोड जाम को खुलवाने के किए प्रयास

बता दें कि इस बारे में बीती 11 मई को उन्हाणी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भी महापंचायत का आयोजन कर न्याय महापंचायत का गठन कर शासन-प्रशासन को उनकी जायज मागों को पुरा करने के लिए अल्टीमेटम दिया गया था। डीसी को भेजे गए ज्ञापन में मृतक विद्यार्थियों के परिजनों को एक-एक करोड तथा घायल विद्यार्थियों को 50-50 लाख रूपये की सहायता राशी प्रदान करने, स्कूल की मान्यता रद्द करने,सडक हादसे की जांच हाई कोर्ट के सीटिंग जज से करवाने, मृतक विद्यार्थियों को शहीद का दर्जा देने, मृतक बच्चो के परिजनों को सरकारी नौकरी तथा आजीवन नि:शुल्क मैडीकल सुविधा,घायल विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा आजीवन उच्च स्तरीय मैडीकल सुविधा प्रदान करने सम्बंधी मागें रखी गई थी।

**एसडीएम द्वारा ग्रामीणों की पीड़ा सुनने के बाद ग्रामीण जाम खोलने पर राजी :**

कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे 24 पर सुबह 10:30 बजे लगाया गया जाम 8 घंटे बाद शाम 7 बजे खोल दिया गया एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने धरणारत ग्रामीणों की पीड़ा सुनी और हर संभव मदद का शासन किया जिस पर ग्रामीण जाम खोलने पर राजी हो गए । न्याय महापंचायत में युवा कांग्रेस नेता संदीप याव रामबास, पंकज हिंदू सरपंच खेडी, पंचायत समिति सद्स्य महिपाल नम्बरदार, मनदीप एडवोकेट, नरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, हनुमान सिंह, अतर लाल, महेंद्र सिंह, संजय शर्मा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# मॉडल संस्कृति स्कूल में लड़कियों की एक दिवसीय खंड स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी बाबूलाल जिंदल रहे मुख्य अतिथि

## खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने की खेल आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** आज खंड सिवानी के स्कूल स्तर के खिलाड़ियों के लिए शहर सिवानी के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में विभिन्न प्रकार के खेलों का अयोजन हुआ। जिसमें अलग अलग प्रकार की दौड़, खो खो, कबड्डी सहित बहुत सी एथलेटिक तथा योगा प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन सभी प्रतियोगिताओं में खंड सिवानी के विभिन्न स्कूलों से आई छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय प्रवक्ता राजबीर सिंह बेनीवाल ने बताया कि इस खंड स्तरीय खेल आयोजन का संचालन और अयोजन सिवानी ब्वॉयज और गर्ल स्कूल प्राचार्य सुरेश कुमार श्योराण तथा अनिल कुमार और नोडल ऑफिसर कर्मपाल डीपीई की देखरेख में बनी खंड स्तरीय कमेटी की निगरानी में किया गया था।

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर जीवन में खेलों के महत्व और उन्नति की संभावनाओं पर विस्तार से बताया।

वहीं बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी बाबू लाल जिंदल ने बेटियों को आगे बढ़ाने के निवेदन के साथ प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के लिए दस साइकिल




अपने निजी कोष से देने की घोषणा की। जिंदल साहब ने सभी उपस्थित से आग्रह किया कि बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर दें। आज बेटियां किसी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं।

इस अवसर पर उपस्थित खेल अयोजन समिति के सदस्य राजेश कौशिक पीजीटी ने बताया कि लड़कों के लिए इसी प्रकार का आयोजन आगामी 20 अगस्त को होगा और ये सभी विजेता चयनित खिलाड़ी डिस्ट्रिक्ट खेलने के लिए जायेंगे। जहां इनका मुकाबला जिले के सभी खंडों के चुने हुए खिलाड़ियों से होगा। इस अवसर पर प्राचार्य संजय मिश्रा जी, मुख्याध्यापक राजपाल पचार, सविता कुमारी,डीपीई रामचंद्र, संजय शर्मा, मनीराम, प्रवीन कड़वासरा सहित पीटीआई कमल सिंह, हरिओम गोदारा, सुरजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# बाघोत में पौधारोपण कर मनाया वन महोत्सव



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कनीना उप मण्डल के गांव बाघोत में एसडीएम सुरेंद्र कुमार, ग्राम सचिव राजपाल, मंदिर के महंत रोशन पुरी, सरपंच राजेंदर सहित ग्रामीणों ने पौधरोपण कर वनमहोत्सव मनाया। उन्होंने मंदिर कमेटी तथा आमजन को पौधा रोपण के लिए प्रेरित किया।लगाए गए पौधे महेंद्रगढ़ नरसरी से लाये गए थे पर्यावरण संरक्षण के बारे में उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे मित्र हैं, जो जीवन भर शुद्ध आक्सीजन प्रदान करने के साथ-साथ लकड़ी प्रदान करते हैं। उनके दिशा निर्देशन में ग्रामीणों ने भी विभिन्न प्रजाति के दर्जनभर वृक्ष लगाए। जीएस राजपाल ने कहा कि अंधाधुंध हो रही पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारम्भ कर आमजन से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की थी। जिसके सफल परिणाम सामने आ रहे हैं। एसडीएम ने ग्रामीणों से लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए समय-समय पर देख-रेख करने की अपील की। उन्होंने आमजन से वन क्षेत्र में वृद्धि करने एवं वृक्षों की संख्या में बढ़ोतरी करने को कहा। जिससे हमें पेड़-पौधे से शुद्ध ऑक्सीजन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है। मां हर दुख सहनकर अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है, ठीक उसी प्रकार पेड़ भी मानव को जीवन प्रदान करते हैं। इस मौके पर महिपाल नम्बरदार, सोनू, राजकुमार, हरी उपस्थित थे।

# निर्विरोध नवीन शर्मा चुने गए रेवाड़ी मीडिया क्लब के प्रधान



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** स्वतंत्रता दिवस के दिन वीरवार को रेवाड़ी मीडिया क्लब की बैठक गढ़ी बोलनी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह मे हुई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार श्याम बाठला की अध्यक्षता में जहां संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई, वही सभा के नए प्रधान पद के चुनाव भी कराए गए। निर्विरोध संपन्न हुए इस चुनाव में नवीन शर्मा को प्रधान चुना गया। सभी मौजूद पत्रकार साथियों ने फूल माला पहनकर शुभकामनाए दीं और नवीन को अपनी कार्यकारिणी के गठन का अधिकार भी दिया। इस दौरान अधिकतर पत्रकार लोक निर्माण विश्रामगृह में मौजूद रहे। नवीन ने निर्विरोध प्रधान चुने जाने पर सभी वरिष्ठ साथियों का आभार प्रकट किया और कहा कि जो विश्वास आपने मेरे ऊपर दिखाया है, उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का काम करूंगा। वहीं संगठन को मजबूत करने के लिए सभी वरिष्ठ साथियों के मार्गदर्शन से अन्य साथियों को रेवाड़ी मीडिया क्लब में जोड़ने का प्रयास रहेगा। नवीन को प्रधान बनाए जाने पर कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, कोसली विधायक लक्ष्मण यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, पूर्व सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री पंडित रामबिलास शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव, इनेलो जिला प्रधान राजपाल यादव, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट जसबीर यादव एवं कई राजनीतिक और सामाजिक संगठन के लोगों ने बधाई दी।

# कोलकाता में महिला चिकित्सक के दुष्कर्म के बाद हुई हत्या पर जिले के चिकित्सकों ने रोष प्रदर्शन किया




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रेवाड़ी ने शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे तक हड़ताल रखी। उसमें सभी काम काज बंद रहे केवल गंभीर मरीज़ ही देखे गए। उक्त जानकारी देते हुए आईएमए रेवाड़ी अध्यक्ष डॉ दीपक यादव ने बताया कि नेशनल आईएमए के आह्वान पर एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की गई है और अगर हमारी माँगें पूरी नहीं की गई दो इस हड़ताल को आगे भी जारी रखा जाने पर विचार किया जाएगा।

चिकित्सकों का कहना है कि इस मामले में चल रही जाँच को एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा फ़ास्ट ट्रैक के आधार पर पूरी की जानी चाहिए और दोषियों को जल्द और कठोर सजा मिलनी चाहिए। इसी प्रकार केंद्र सरकार से विशेषकर गृह मंत्री से चिकित्सा प्रतिष्ठानों और कर्मचारियों के विरुद्ध हिंसा रोकने के लिए एक केंद्रीय क़ानून बनाया जाए इससे अस्पताल में हिंसा में शामिल उपद्रवियों के विरुद्ध त्वरित मामला दर्ज कर मुक़दमा चलाने को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। तीसरी माँग यह रही की सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेज के रेजीडेंट डॉक्टर्स को काम करने के लिए अनुकूल परिस्थितियां वातावरण प्रदान किया जाए और विशेषकर रात में चिकित्सक व अस्पताल कर्मचारियों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। चिकित्सकों ने एक संज्ञान पत्र विधायक चिरंजीव राव को भी दिया। इस रोष प्रदर्शन में विधायक चिरंजीव राव हरियाणा टूरिज्म चेयरमैन डॉक्टर अरविंद यादव व पूर्व बार जिला प्रधान सतीश यादव भी सम्मिलित हुए। आईएमए रेवाड़ी के तक़रीबन सौ चिकित्सक सदस्य व पदाधिकारी इस रोष प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके अलावा के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने भी विरोध प्रदर्शन में अपना सहयोग दिया। लायंस क्लब, रोटरी क्लब, भारत किसान यूनियन, भारत विकास परिषद व अन्य सामाजिक संस्थाएं का भी सहयोग रहा। अमंगनी सोसाइटी से प्रतिनिधि मुकेश शर्मा, प्रवीण यादव व संजय यादव उपस्थित रहे। अमंगनी सोसाइटी के बच्चो ने इस जघन्य अपराध की निंदा करते हुए बैनर व चित्र बनाए। भारत किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष समय सिंह, जुगनू फ़ॉर्म से समाजसेवी योगेश्वर योगी, एम्स संघर्ष समिति से ओम प्रकाश, स्वराज अभियान से आनंद यादव और लक्ष्मण जांगीड प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजस्थान सरिस्का अभ्यारण से बावल के झाबुआ पहुंचा टाइगर

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया



**रेवाड़ी।** बावल के झाबुआ जंगल में एक बार फिर से टाइगर आने की सूचना मिली है। जिसको लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड़ पर है। सूत्रों से पता चला कि यह वही टाइगर है जो गत वर्ष राजस्थान के सरिस्का अभ्यारण से हरियाणा के रेवाड़ी जिले में आया था। राजस्थान व हरियाणा की वाइल्ड लाइफ टीम ने साहबी क्षेत्र की खूब नाका बंदी की मगर उसके पैरों के निशान के अलावा कुछ नहीं मिला। सूत्रों की माने तो ये वही टाइगर है जो अब लगभग साढ़े तीन साल का हो गया है। रेवाड़ी जिले से सटे राजस्थान के दरबारी पुर गांव में 2 लोगों के घायल करने का भी वीडियो वायरल हो रहा है। कोई भी अधिकारी इस पर बोलने को तैयार नहीं है। राजस्थान से इस रेस्क्यू टीम में शामिल अलवर रेंज अधिकारी शंकर ने बताया कि यह सत्य यह वही टाइगर है जो पहले भी हरियाणा में आया था। टाइगर बावल के झाबुआ के जंगल मे छिपा हुआ है। उसको वहां खाना व पानी की कोई कमी नहीं है। अधिकारी के अनुसार राजस्थान के सरिस्का की वाइल्डलाइफ टीम ने झाबुआ में डेरा डाल दिया है। इस टीम में जयपुर रेंज से डॉक्टर अरविंद माथुर, सरिस्का अलवर से डॉक्टर दीन दयाल, फारेस्ट विभाग राजस्थान से लगभग 15 लोगों की टीम के साथ साथ रेवाड़ी वन मंडल की टीम भी मौके पर मौजूद है। उन्होंने बताया कि टाइगर को दिन में कोई मूवमेंट नहीं है, वह रात में ही निकलता है। अब देखना यह है कि टीम उसे पकड़ पाती है या नहीं।



# भक्षक के निर्देशक पुलकित के साथ काम करेंगे राजकुमार राव!

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे फिल्म में एक बार फिर श्रद्धा कपूर के साथ नजर आएंगे। अभिनेता फिल्म का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच उनकी नई फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं। अभिनेता को लेकर दावा किया गया है कि वे अगली फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका निभाएंगे, जिसका निर्देशन भक्षक के निर्देशक पुलकित करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इस साल सितंबर में शुरू होगी। इसकी आधिकारिक घोषणा की जा रही है। यह एक पूरी तरह से कमर्शियल एंटरटेनर है जिसमें राजकुमार राव एक गैंगस्टर की भूमिका में हैं। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में करने की योजना बनाई है, उसके बाद कुछ हिस्सा मुंबई में भी शूट किया जाएगा, क्योंकि पूरी कहानी और किरदार यूपी में ही आधारित है। राजकुमार इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हैं और सितंबर के पहले हफ्ते में टीम के साथ कुछ रीडिंग और वर्कशॉप करेंगे। इसके साथ ही रिपोर्ट में दावा किया गया है कि निर्माता नई कास्टिंग की तलाश में थे और उन्होंने फिल्म के लिए राजकुमार और मानुषी छिल्लर की जोड़ी बनाने का सोचा है। दोनों की जोड़ी फिल्म में दिलचस्प भूमिका निभाएगी। ऐसे में पुलकित निर्देशित आगामी फिल्म में राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर पहली बार साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म के सितंबर 2024 में फ्लोर पर आने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट से राव एक्शन जॉनर में भी कदम रखेंगे।



# मुझे हमेशा ऐसे ऑफर मिलते हैं, जिनमें मेरी दिलचस्पी नहीं होती

एक्ट्रेस कीर्ति कुल्हारी ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। वह ओटीटी पर भी कई अच्छे प्रोजेक्ट का हिस्सा रही हैं। इन दिनों वह अपकमिंग डिटेक्टिव ड्रामा शेखर होम को लेकर चर्चाओं में हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें हमेशा ऐसे ऑफर मिलते हैं, जिनमें उनकी कोई दिलचस्पी नहीं होती। कीर्ति ने कहा, मैं ऐसी फीचर फिल्मों पर काम कर रही हूं, जो अभी रिलीज नहीं हुई हैं। मैं प्रोडक्शन के बारे में भी सोच रही हूं, लेकिन मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में और बदलाव की जरूरत है। मुझे ऐसे ऑफर मिलते हैं, जिनमें मेरी दिलचस्पी नहीं होती। उन्होंने कहा, काम की क्वांटिटी कभी-कभी क्वालिटी को प्रभावित कर सकती है। ओटीटी और फिल्म स्टार्स के बीच का अंतर खत्म किया जाना चाहिए। सभी को समान रूप से पहचाना जाना चाहिए। इस सीरीज में मेरा रोल रिफ्रेशिंग चेंज है, इसमें डिटेक्टिव एलिमेंट्स को कॉमेडी के साथ जोड़ा गया है और यह मेरे पिछले काम की तुलना में कुछ नया है। शेखर होम में के. के. मेनन जासूस शेखर होम का रोल निभा रहे है, जबकि कीर्ति कुल्हारी का किरदार शो के सस्पेंस और कॉमेडी में तड़का लगाने का काम कर रहा है। इस सीरीज में दोस्ती, प्यार, विश्वासघात और अपराध जैसे रोमांचक ट्विस्ट है। इसमें रणवीर शौरी जयव्रत साहनी की भूमिका में हैं।

शेखर होम का प्रीमियर 14 अगस्त से जियो सिनेमा प्रीमियम पर होगा। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो कीर्ति ने 2010 में फिल्म खिचड़ी- द मूवी से अपने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह शैतान, सुपर से ऊपर, जल जैसी फिल्मों में नजर आईं। कीर्ति को 2016 की लीगल थ्रिलर फिल्म पिंक में फलक के किरदार में देखा गया। इसका निर्देशन अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने किया और फिल्म की कहानी शुजित सरकार, रितेश शाह और अनिरुद्ध ने लिखी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, तापसी पन्नू, एंड्रिया तारियांग, अंगद बेदी, तुषार पांडे, पीयूष मिश्रा और धृतिमान चटर्जी जैसे कलाकारों ने काम किया था। इसके बाद उन्होंने इंदु सरकार में लीड रोल निभाया और ब्लैकमेल में भी नजर आईं। कीर्ति ने जगन शक्ति द्वारा निर्देशित मिशन मंगल में काम किया, जो भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के जीवन पर आधारित थी। इसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन, सोनाक्षी सिन्हा, तापसी पन्नू, नित्या मेनन और शरमन जोशी लीड रोल में थे। एक्ट्रेस ने उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक, द गर्ल ऑन द ट्रेन, शादीस्थान और खिचड़ी 2- मिशन पंथुकिस्तान में काम किया। वह फोर मोर शॉट्स प्लीज!, बार्ड ऑफ ब्लड, क्रिमिनल जस्टिस- बिहाइंड क्लोज्ड डोर्स और ह्यूमन जैसी वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं।



# अभिनेत्री-फिल्म निर्माता निहारिका कोनिडेला की पहली फिल्म हुई ब्लॉकबस्टर

## अभिनेता राम चरण ने दी बधाई

तेलुगु फिल्मों में हर फिल्म के साथ एक नई प्रतिभा सामने आती है, जिसे बड़ी हस्तियों द्वारा समर्थन और सराहना भी मिलती है। इस कड़ी में अब अभिनेत्री सह फिल्म निर्माता निहारिका कोनिडेला और साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता राम चरण का नाम भी जुड़ गया है। निहारिका बतौर फिल्म अभिनेत्री तेलुगु फिल्मों में कोई नया नाम नहीं है, लेकिन उन्होंने बतौर निर्माता अपनी पहली फीचर फिल्म कमिटी कुर्रोलु बनाई है, जिसे काफी पसंद भी किया जा रहा है। इस फिल्म को राम चरण से भी तारीफ मिली है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा कर टीम की तारीफ की है।

### ब्लॉकबस्टर साबित हुई है कमिटी कुर्रोलु

अभिनेत्री-फिल्म निर्माता निहारिका कोनिडेला की फिल्म कमिटी कुर्रोलु, पिछले शुक्रवार को एक छोटी फिल्म के रूप में रिलीज हुई थी। हालांकि, अपने नयेपन की वजह से देखते ही देखते ये बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई। अपने चार दिवसीय नाट्य सफर में, कमिटी कुर्रोलु ने दुनिया भर के टिकट काउंटरों पर 8 करोड़ रुपये के आसपास की कमाई की है। फिल्म की सफलता के बाद टीम की काफी तारीफ हो रही है। अब इस फिल्म की सराहना करने वालों की सूची में निहारिका के चचेरे भाई राम चरण का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी है।



### राम चरण ने दी बधाई

राम चरण ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, कमिटी कुर्रोलु की बड़ी सफलता के लिए बधाई निहारिका थल्ली। यह सफलता पूरी तरह से योग्य है। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ आपकी टीम भी वास्तव में प्रेरणादायक है। उनके अविश्वसनीय प्रयास के लिए पूरी कास्ट और क्रू को बधाई। इसके साथ ही अभिनेता ने इस कहानी को पर्दे पर बेहतरीन तरीके से उतारने के लिए निर्देशक यधु वामसी को भी धन्यवाद दिया।

# हीरामंडी के बाद चमके ताहा शाह की किस्मत के सितारे, अभिनेता ने साइन की तीन फिल्मों की डील



अभिनेता ताहा शाह बदुशा के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में ताजदार का किरदार निभाकर उनकी किस्मत चमक चुकी है। ताजा खबरों की मानें तो ताहा शाह ने रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ तीन फिल्मों का करार किया है। रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ ताहा की तीन फिल्मों में से पहली का निर्देशन रोहन सिप्पी करेंगे। रोहन इससे पहले ब्लफमास्टर, दम मारो दम और नौटंकी साला जैसी फिल्में बना चुके हैं। ताहा के साथ काम करने को लेकर रोहन ने कहा, ताहा स्क्रीन पर एक अनूठी ऊर्जा और उपस्थिति लाते हैं। मैंने उन्हें ताज और हीरामंडी में देखा है।अपने काम के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और दर्शकों से जुड़ने की उनकी क्षमता सराहनीय है। वहीं, ताहा भी तीन फिल्मों के इस करार के बाद काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि रमेश सिप्पी एंटरटेनमेंट के साथ तीन फिल्मों का करार करना सम्मान की बात है। ताहा ने कहा, रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म में काम करना एक सपने जैसा है। उन्होंने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं।

# किंग में सुहाना के साथ अपनी भूमिका पर शाहरुख ने तोड़ी चुप्पी



शाहरुख खान ने पिछले साल एक नहीं, बल्कि तीन धमाकेदार फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, अब शाहरुख खान अपनी अगली फिल्मों में व्यस्त हैं, जिनमें से एक है किंग। इस फिल्म में वे अपनी बेटी सुहाना खान के साथ काम करेंगे। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी, लेकिन अब शाहरुख ने खुद इस फिल्म में अपनी भूमिका पर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में 77वें लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में मीडिया से बातचीत के दौरान शाहरुख ने आखिरकार अपनी आने वाली एक्शन फिल्म के बारे में बात की, जिसका निर्देशन सुजॉय घोष ने किया है। एक वीडियो में जो अब ऑनलाइन वायरल हो रहा है, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की। उन्होंने कहा, अगली फिल्म जो मैं कर रहा हूं वह किंग है। मुझे इस पर काम करना शुरू करना है। थोड़ा वजन कम करना है। थोड़ा स्ट्रेच करना है, ताकि एक्शन करते समय मेरी कमर में खिंचाव न आए। किंग के बारे में संकेत देते हुए शाहरुख ने कहा, अब, मैं एक खास तरह की फिल्म करना चाहता हूं, जिसमें शायद उम्र पर ध्यान केंद्रित हो और मैं कुछ नया करना चाहता हूं। छह-सात साल से मैं इसके बारे में सोच रहा हूं। मैंने एक दिन सुजॉय से इस बारे में बात की और उन्होंने कहा, सर, मेरे पास एक विषय है। फिल्में चुनने के अपने तरीके के बारे में बात करते हुए शाहरुख खान ने कहा, मैं इसे सुनता हूं, उनके साथ समय बिताता हूं और फिर हम आगे बढ़ते हैं, फिल्म बनाते हैं और खूब मौज-मस्ती करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कभी कभी यह इतना भी सरल नहीं रहता। इसके साथ ही उन्होंने किंग में काम करने को लेकर उत्साह साझा किया है और अब उनके प्रशंसक भी इस खबर से खुश हैं। किंग सुहाना की पहली बड़ी फिल्म होगी, जो सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# एक बार फिर साथ काम करने को तैयार सिद्धार्थ मल्होत्रा-करण जौहर!

सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर दावा किया जा रहा है कि वे अपनी नई फिल्म के लिए फिल्म निर्देशक और निर्माता करण जौहर से बातचीत कर रहे हैं। यह फिल्म एक्शन ड्रामा हो सकती है। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को आखिरी बार इस साल फिल्म योद्धा में देखा गया था, जिसमें वे जवान की भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद सिद्धार्थ ने अब तक अपनी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है, लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि वे जल्द ही अपनी नई फिल्म के बारे में प्रशंसकों को जानकारी देंगे। सोशल मीडिया पर पहले ही ये खबरें चल रही थीं कि सिद्धार्थ मल्होत्रा अगली बार फिल्म मिट्टी में नजर आएंगे, जिसकी उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। वहीं, इस बीच अब उनकी नई फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है।

### करण जौहर लिख रहे हैं स्क्रिप्ट

रिपोर्ट्स के अनुसार, सिद्धार्थ मल्होत्रा फिल्म निर्माता करण जौहर की आगामी एक्शन फिल्म में अभिनय करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों अगले साल नई फिल्म पर साथ काम कर सकते हैं। अगले साल फिल्म शुरू होने की भी चर्चा है। करण जौहर ने पहले पुष्टि की थी कि उनकी अगली फिल्म एक एक्शन ड्रामा होगी, जिसकी कहानी वे फिलहाल लिख रहे हैं।



### सिद्धार्थ को सुनाई गई कहानी

वहीं अब दावा किया जा रहा है कि करण जौहर की इस एक्शन फिल्म के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को चुना गया है। फिल्म में सिद्धार्थ मुख्य भूमिका के लिए करण जौहर के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और करण जौहर के बीच बहुत ही खास रिश्ता है और करण को लगता है कि सिद्धार्थ एक्शन फिल्में करने के लिए ही बने हैं। ऐसे में करण जौहर ने सिद्धार्थ को फिल्म की कहानी सुनाई है और सिद्धार्थ ने भी कहानी को लेकर अपनी रुचि दिखाई और उत्साह भी जताया हैं।

### जल्द किया जाएगा फिल्म का एलान

हालांकि, अभी इन खबरों पर ना तो सिद्धार्थ मल्होत्रा और ना ही करण जौहर ने चुप्पी तोड़ी है। इस फिल्म को लेकर आधिकारिक सूचनाएं आने अभी बाकी हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, करण जौहर इस एक्शन फिल्म का निर्देशन खुद करेंगे। इससे पहले उन्होंने रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सात साल बाद निर्देशक की कुर्सी पर वापसी की थी। वहीं अब चर्चा है कि यदि सिद्धार्थ और करण जौहर के बीच सब कुछ सही रहा तो वे जल्दी फिल्म का आधिकारिक एलान करेंगे।

# केजीएफ 3 के सवाल पर रवीना ने दी प्रतिक्रिया



रवीना टंडन बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा हैं। 90 दशक से लेकर अब तक वह लगातार फैंस के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में रवीना मुंबई की सड़कों पर पैपराजी के कैमरे में कैद हो गईं जब उनसे केजीएफ 3 को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं बता सकती हैं। बता दें कि केजीएफ 2 में रवीना ने अपनी दमदार अदाकारी से लोगों के दिल जीत लिए थे।